# यूपीईएस की वेबसाइट हुई लॉन्च



**DEHRADUN (12 Sept):** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धमेंद्र प्रधान व उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने यूपीईएस परिसर में पहुंचकर यूपीईएस दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रमों की नई वेबसाइट '**UPESON**' का उद्घाटन किया. अमृतकाल विमर्श - विकसित भारत 2047' विषय पर आयोजित संवाद के दौरान मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से सशक्तीकरण के दृष्टिकोण के अनुरूप सभी योग्य लोगों के लिए शिक्षा को सुलभ बनाने में यूपीईएस की पहल और प्रतिबद्धता की सराहना होनी चाहिए. इस दौरान डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि शैक्षिक कार्यक्रमों के माध्यम से हजारों छात्रों के करियर और जीवन को बदलने के लिए यूपीईएस की सराहना की. इस दौरान यूपीईएस ने 100 प्रतिभाशाली स्टूडेंट्स को स्कॉलरशिप प्रदान करने की घोषणा की गई. कार्यक्रम में कुलपति यूपीईएस डॉ. राम शर्मा, कुलसचिव, मनीष मदान, शिक्षा सचिव बंशीधर तिवारी मौजूद रहे.